आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 08 अगस्त, 2024
www.azadsipahi.in


## जेजे कॉलेज में धराया मुन्नाभाई, दूसरे की जगह दे रहा था परीक्षा




**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जगन्नाथ जैन महाविद्यालय में बुधवार को बीए सेमेस्टर-3 परीक्षा के दौरान फर्जी परीक्षा दे रहे युवक को पकड़ा गया। युवक की पहचान नीरज कुमार, पिता प्रयाग साव, नवलशाही के रूप में हुई है। बता दें कि बुधवार को पहली पारी में डिजिटल एजुकेशन विषय की परीक्षा संचालित हो रही थी। जानकारी के अनुसार परीक्षार्थी दिवाकर कुमार साव की जगह पर फर्जी तरीके से नीरज कुमार परीक्षा देते पाया गया। केंद्राधीक्षक सह प्राचार्य ने फर्जी परीक्षा दे रहे युवक को पुलिस के हवाले कर दिया है। जानकारी के अनुसार फर्जी परीक्षा देने के आरोपी को कोडरमा थाना में हिरासत में रखा गया है। वहीं जेजे कॉलेज के केंद्राधीक्षक सह प्राचार्य मामले में एफआईआर दर्ज करा रहे हैं। परीक्षा विभाग को सूचना मिलते ही फर्जी परीक्षा दे रहे युवक को कॉलेज के सी-5 रूम से धर दबोचा गया।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** मंगलवार की रात कोडरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा घाटी दिबौर में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गयी। मृतक की पहचान सूरज कुमार (उम्र 18 वर्ष, पिता गंगो तुरी, ग्राम दिबोर) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार युवक अपनी बाइक से हल्दिया से दिबोर होकर चिरकुंडा आ रहा था। दिबोर के पास ही अज्ञात वाहन की चपेट मे आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गयी। घटना के बाद उसे कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया।

## गंदा पानी सप्लाई करनेवाले पर कार्रवाई करे जिला प्रशासन: सीटू



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** बीते 5 दिनों से पेय जल और स्वच्छता विभाग द्वारा शहर वासियों को छड़वा डैम से बिना फिल्टर किए हुए पानी सप्लाई किया जा रहा है। फिल्टर नहीं करने की वजह से गंदा पानी शहर वासियों को मिल रहा है जो पीने योग्य नहीं है। इस संबंध में सीपीएम नेता गणेश कुमार सीटू ने उपायुक्त हजारीबाग को पत्र लिखकर मांग किया है कि बरसात के इस मौसम में पेयजल और स्वच्छता विभाग द्वारा शहर वासियों को गंदा पानी सप्लाई करना मानवता के खिलाफ है। गंदा पानी पीने के कारण शहर वासियों के सेहत पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है और लोग बेवजह बीमार पड़ रहें हैं जो चिंता का विषय है। छडवा डैम से पानी सप्लाई का ज़िम्मा जब से ठेकेदार को दिया गया है तब से पेयजल और स्वच्छता विभाग द्वारा इस मामले पर पूरा उदासीन रवैया अपनाया जा रहा है। ठेकेदार द्वारा सप्लाई किया जा रहा है पानी फिल्टर है या नहीं, ठेकेदार पानी को फिल्टर करने के लिए उचित मात्रा में फिटकरी और ब्लीचिंग पाउडर डाल रहा है या नहीं यह देखने की जिम्मेवारी पेयजल और संस्था विभाग के अधिकारियों को है, लेकिन वह लोग देखते नहीं है। जिसके कारण ठेकेदार मनमानी कर रहा है और बीना फील्टर किये पानी का सप्लाई कर दे रहा है। इसका परिणाम शहर वासी भुगत रहे हैं। इसलिए सीटू ने उपायुक्त से मांग किया है कि गंदा पानी सप्लाई करने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई करते हुए तत्काल फिल्टर क्या हुआ पानी सहारवासियों को सप्लाई करवाया जाये और पेयजल और स्वच्छता विभाग के अधिकारियों की जिम्मेवारी इस मामले में निर्धारित करते हुए उसे सार्वजनिक किया जाये ताकि गंदा पानी सप्लाई होने पर आम जनता विभागीय अधिकारियों से संपर्क कर सके।

## सड़क सुरक्षा को लेकर नाटक आयोजित



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** यहां के पड़वा पोखर स्थित गुरुग्राम पब्लिक स्कूल विष्णुगढ़ में बच्चों के द्वारा सड़क सुरक्षा अभियान के तहत नाटक और तरह तरह के कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिसमें बच्चों ने लोगों को सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूक होने और सड़क पर आये दिन हो रहे सड़क दुर्घटना को रोकने के कई तरह उपाय बताये गये। बच्चो ने अभिभवकों से नशा कर के वाहन नहीं चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करने, वाहन ज्यादा स्पीड में ना चलाने और हमेशा हेलमेट लगा कर ही बाइक को चलाने की बात कही। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्राचार्य सुभाष कुमार का विषेश योगदान रहा। विद्यालय के निदेशक प्रभात कुमार ने कहा की हम सभी सुरक्षा नियमों को जानते हुए भी उसको नजर अंदाज कर देते हैं जिससे अपना और दूसरे का भी जान जोखिम में डाल देते हैं। सड़क पर वाहन चलाते समय हमेशा ये सोचे की आपकी जिम्मेवारी कितनी बड़ी है, और अपने परिवार को याद रखे इसमें आप लापरवाही नहीं करेंगे। कार्यक्रम में शिक्षक पंकज कुमार, बासुदेव महतो, रीतलाल महतो, रंजीत मिश्रा, कामेश्वर महतो, राजेश रंजन, रंजीत रंजन, प्रमोद कुमार, सुजीत कुमार, मीरा कुमारी, रौशन यादव, मिनाक्षी कुमारी, पूनम कुमारी, सीमा कुमारी, रीना देवी,के अलावा अभिभावक बिनोद कुमार, चेतलाल महतो, आशीष कुमार, शशि कुमार, प्रेम महतो, बीरेंद्र महतो, कार्तिक महतो, संगीता देवी, कुमारी नमिता, अंशु कुमारी, गुड़िया देवी भगिया देवी, विशाखा देवी, नेमिया देवी, जयंती देवी, फुल कुमारी आदि उपस्थित थे।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी व्यक्तियों की सहभागिता जरूरी: गौतम कुमार



**इचाक (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के प्रसिद्ध बोधिबागी मैदान के चारो ओर बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र से जेबीकेएसएस के क्रांतिकारी युवा नेता गौतम कुमार व कुरहा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि राकेश प्रसाद मेहता के पहल से आम, अमरूद, कटहल, जामुन, शीशम, बरगद, करंज और बरगद इत्यादि के फलदार, छायादार और औषधीय गुण वाले 250 पौधरोपण किया गया। गौतम कुमार ने कहा की बोधीबगी मैदान में चारो ओर लगभग 1000 पौधा लगवाने का लक्ष्य रखा गया है। खाली मैदान के चारो ओर पौधरोपण से खेल प्रेमियों के लिए आकर्षक व छायादार जबकि पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिकोण से हितकर साबित होगा। वही राकेश कुमार मेहता ने कहा की क्षेत्र के सभी जनता से आग्रह है की पौधरोपण को देख रेख के लिए अपनी भुमिका निभाये।

## घंघरी से कांवरियों का जत्था सुल्तानगंज के लिए रवाना

**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के करियांवा पंचायत अंतर्गत ग्राम घंघरी से सैकड़ों महिला-पुरुष कांवरिया ग्राम देवी मंदिरों में पूजा-अर्चना कर बोल बम, हर-हर महादेव के नारे के साथ सुल्तानगंज रवाना हुए। सभी कांवरिया सुल्तानगंज से जल उठाकर बाबा बैद्यनाथ धाम में जलार्पण करने के पश्चात बाबा बासुकीनाथ का जलार्पण करेंगे। मौके पर परमानन्द गिरी, धीरु सिंह, राजेश पंडित, राजन सिंह, आदित्य सिंह, संदीप तिवारी, अशोक पंडित, विकास मोदी, दिनेश मंडल, गया प्रसाद सिंह, मनोज राणा, सतीश पांडेय, कमलेश पंडित, विराट मंडल सहित सैकड़ों लोग बोल बम का नारा है, बाबा एक सहारा है आदि नारों के साथ सभी रवाना हुए।

### राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस की टीम पहुंची बरही पवनपुत्र प्लांट, की जांच

# हादसा प्रभावित परिवारों को मुआवजा देने की रखी मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** बरही रेयाडा में पवनपुत्रा प्लांट में मंगलवार को हुए हादसे की जांच को लेकर राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस का शिष्टमंडल बुधवार को प्लांट पहुंचा। जहां प्लांट के अंदर जाकर मजदूरों से घटना की बाबत जानकारी ली और मजदूरों के सुरक्षा के प्रति कंपनी की लापरवाही की जानकारी भी ली। मजदूरों ने बताया कि कंपनी में सुरक्षा मानकों की अनदेखी की जाती है। काम पर जाने वाले मजदूरों को ना तो सुरक्षा किट मुहैया कराया जाता है ना ही आपातकाल में उन्हें अस्पताल पहुंचाने के लिए एंबुलेंस तक की व्यवस्था नहीं है। मजदूरों ने बताया कि ना तो उनका पीएफ कटता है ना इएसआइसी है और ना ही ग्रुप बीमा का लाभ ही उन्हें मिलता है। इस फैक्ट्री में अधिकांश मजदूर बिहार, यूपी के रहने वाले हैं। जिसे 8 घंटे के जगह 12 घंटे काम लिया जाता है और झारखंड सरकार के दैनिक मजदूरी नियम का भी अनुपालन नहीं किया जाता है। इस मामले को लेकर बरही में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता सुरजीत नागवाला ने कहा कि यह घटना जो घटित हुई है उसमें सीधे-सीधे कंपनी के मालिक और जीएम के लापरवाही के कारण घटित हुई है। मजदूरों के द्वारा यह भी बताया गया कि जब घटना हुई तो बरही में मौजूद किसी भी सरकारी एंबुलेंस का उपयोग ना करते हुए कंपनी के पदाधिकारी अपने प्राइवेट वाहन से मजदूरों को घायलों को वहां से अस्पताल ले जाने का काम किया, जो निश्चित ही किसी बड़ी साजिश की ओर इशारा करती है। और तो और पूरे प्लांट में सुरक्षा मानकों की तो अनदेखी की ही जा रही है। एक मजदूर से 12 - 12 घंटे की शिफ्ट में काम कराई जा रही है और उन्हें बहुत ही कम वेतन दिया जा रहा है। इस पूरे मामले को लेकर शिष्टमंडल बरही एसडीओ से भी मुलाकात की। घटना घटित होने के बाद बहुत सारे मजदूर जो प्लांट के अंदर रह रहे हैं उन्हें पिछले एक महीना से अधिक दिनों से वेतनमान नहीं दिया गया है, कई मजदूर भूखे रहने की स्थिति में भी हैं जिसकी जानकारी बरही एसडीओ को दी गयी है और उनसे आग्रह किया गया है कि जो मजदूर घर जाना चाहते हैं उनका बकाया पैसा उन्हें शीघ्र भुगतान कराया जाये। जल्द शिष्टमंडल इस मामले को लेकर जिले के उपायुक्त से भी मिलेंगे और विस्तृत रिपोर्ट राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राकेश्वर पांडे को भी भेजी जायेगी। राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस प्रत्येक मृतक को 50 लाख रुपये मुआवजा की मांग करती है और घायलों को 20 लाख रुपये मुआवजा की मांग करती है। साथ ही कंपनी के मालिक और जीएम पर हत्या का मुकदमा दर्ज करने का जिला प्रशासन से आग्रह करती है। प्रतिनिधि मंडल में दीपक गुप्ता, सुनील चंद्रवंशी, संतोष गुप्ता, पंकज पासवान, विनोद दास, सुजीत गोस्वामी विक्रम पासवान, राजेंद्र स्वर्णकार, संतोष ठाकुर, सुनील कुमार, संतोष निषाद, अमित सिंह, मिथिलेश उपाध्याय समेत कई लोग शामिल थे।



### फैक्ट्री हादसे में मरनेवालों की संख्या हुई पांच

**बरही स्टील फैक्ट्री में घायलों की मौत हुई। रांची के देवकमल अस्पताल में घायलों का इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान घायल चार लोगों की मौत हुई। मजदूरों के पार्थिव शव को रिम्स लाया गया। रिम्स में मजदूरों के शव का पोस्टमार्टम हुआ। 40 वर्षीय रामदेव,, 35 वर्षीय राजेश कुमार, 35 वर्षीय राजू कुमार और 32 वर्षीय शैलेश की मौत हुई । एक मजदूर जितेंद्र कुमार की मौत पहले ही हजारीबाग के आरोग्यम अस्पताल में हो गयी थी। बरही फैक्ट्री हादसे मे मरने वालों की संख्या 5 हुई।**

### पवनपुत्र स्टील प्लांट की घटना जघन्य अपराध है : दीपक प्रकाश

**हजारीबाग। हजारीबाग के बरही स्थित पवनपुत्र स्टील प्लांट में बॉयलर फटने से कई मजदूरों की मृत्यु और दर्जनों लोगों की घायल होने की घटना पर भाजपा के निवर्तमान अध्यक्ष सह राज्यसभा में सचेतक दीपक प्रकाश ने दु:ख व्यक्त किया है। श्री प्रकाश ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि है यह घटना कोई हादसा नहीं बल्कि फैक्टरी मालिकों और फैक्ट्री इंस्पेक्टर की सुरक्षा मानकों के साथ बरती गयी लापरवाही का नतीजा है। यह एक जघन्य अपराध है। श्री प्रकाश ने मुख्यमंत्री को इस मामले में एक पत्र लिख कर इस हादसे के दोषी कंपनी के मालिक भूपेंद्र अग्रवाल और स्नेह जैन पर सुसंगत धाराओं में अपराधिक मामला दर्ज करने और सुरक्षा मानकों में लापरवाही बरतने वाले फैक्ट्री इंस्पेक्टर राहुल कुमार को तुरंत निलंबित करते हुए विभागीय कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने इस हादसे में घायल हुए सभी लोगों की बेहतर इलाज कराने और उनको मुआवजा राशि भी देने की मांग की है।**

# डाक चौपाल का हुआ आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** भारतीय डाक विभाग द्वारा कटकमसांडी प्रखंड के गदोखर पंचायत भवन में बुधवार को डीसीडीपी के तहत डाक चौपाल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहायक डाक अधीक्षक मुख्यालय विश्वजीत राय और सहायक डाक अधीक्षक सेंट्रल सब डिवीजन ब्रजेश कुमार पासवान ने सयुंक्त रूप से बताया कि डाक चौपाल डाक विभाग की एक ऐतिहासिक पहल है। इसका उद्देश्य आवश्यक सरकारी और नागरिक, केंद्रित सेवाओं को सीधे ग्रामीण क्षेत्रों में लाना है, जिससे पहुंच और सुविधा में सुधार होगा। डाक चौपाल ग्रामीणों और सरकारी कार्यों के बीच महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में काम करेंगे, जिससे दूरी और पहुंच जैसी बाधायें कम होंगी। डाकघर में डाकघर बचत खाता, आवर्ती जमा खाता, टाइम डिपॉजिट खाता, सुकन्या समृद्धि खाता, महिला सशक्तिकरण खाता में सुरक्षित निवेश कर सकते है। ग्रामीण डाक जीवन बीमा कम प्रीमियम पर अधिक बोनस देता है। 0 से 5 वर्ष के बच्चों का आधार नामांकन और आधार मोबाइल अपडेशन की सुविधा सभी ग्रामीण डाकघर में उपलब्ध है। सरकार द्वारा डीबीटी के माध्यम से दिए जाने वाली सहायता जैसे वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, पीएम किसान, मईया योजना, गैस सब्सिडी, स्कॉलरशिप, आवास योजना आदि का लाभ डाकघर बचत खाता पर उपलब्ध है। उन्होंने यह भी बताया कि 320 रुपये में पांच लाख, 549 रुपये में 10 लाख, 749 रुपये में 15 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा, उपलब्ध है। दुर्घटना में मृत्यु और स्थायी विकलांगता पर पूरा भुगतान किया जाता है साथ ही साथ इलाज और बाल शिक्षा लाभ की सुविधा भी उपलब्ध है। इस बीमा का लाभ 18 से 65 वर्ष के इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के खाता धारक उठा सकते हैं। साथ ही साथ हैल्थ इन्सुरेंस, वाहन बीमा की सुविधा भी उपलब्ध है। वही गदोंखर पंचायत के मुखिया नारायण साव ने कहा की डाक विभाग गांव में घर-घर पहुंच रहा है लोगों को सुविधाए मिल रही है। लोगों को दूर जाना नहीं पड़ेगा। मौके पर डाक विभाग के राजीव कश्यप, डाक सहायक उत्तम कुमार, प्रियम राज, गदोखर बीपीएम बेबी कुमारी, गदोखर सरपंच जहाँगीर, अविनाश हेमब्रोम, रीतलाल साहू, मनीष सिंह, रोहित कुमार, प्रियांशु ठाकुर, दयानंद पांडे, फूल कुमारी, अर्चना चंद्रा, अंजलि मिंज, स्वेच्छा सिंह, गायत्री देवी, कीर्ति कुमारी और काफी संख्या आसपास के गांव के ग्रामीण उपस्थित थे।

## सहायक शिक्षक की मां का निधन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)। चेपाकला पंचायत के ऊपर टोला निवासी प्राथमिक विद्यालय के सहायक शिक्षक दिनेश्वर महतो के 75 वर्षीय मां का निधन हो गयी। वे अपने पीछे पांच पुत्र सहित भरापूरा परिवार को छोड़ गयी। जिसका अग्नि संस्कार चेपाकला श्मशान घाट में किया गया। इस दौरान लोगों ने उनकी आत्मा को शांति प्रदान के लिए 2 मिनट का मौन धारण किया। मौके पर पंचायत समिति सदस्य कृष्णा राम, आजसू नेता रौशन लाल चौघरी, शमशेर, फुलेश्वर महतो, रामेश्वर महतो, दिनेश्वर महतो, भुवनेश्वर महतो, सुखलाल महतो, खेमानी, प्रकाश ठाकुर, बालेश्वर महतो, ललन सिंहा, कृष्ण कुमार राम, सौभी लाल महतो, शंकर महतो, राजेश महतो, चिरंजीवी शेखर, कौलेश्वर महतो, भुनेश्वर प्रजापति, अनूप तूरी, विनोद चौधरी सहित अन्य लोगों शामिल थे।**

# आइसेक्ट विवि के विद्यार्थियों को कराया गया शैक्षणिक भ्रमण

### अयोध्या के प्रमुख स्थलों का कराया गया भ्रमण

आजाद सिपाही संवाददाता




**हजारीबाग।** आइसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के मानविकी संकाय के विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण के तहत उत्तर प्रदेश स्थित धार्मिक व ऐतिहासिक स्थल अयोध्या के विभिन्न प्रमुख स्थलों राम जन्मभूमि, हनुमान गढ़ी, कनक भवन, दशरथ महल, सरयू नदी, राम की पैड़ी, तुलसी स्मारक भवन, गुप्तार घाटी, नागेश्वर नाथ मंदिर, मणि पर्वत, लता मंगेशकर चौक सहित अन्य स्थानों का भ्रमण कराया गया। इससे पूर्व आइसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, डीन एडमिन डॉ एसआर रथ और वोकेशनल निदेशक डॉ बिनोद कुमार ने कूद स्थित रेलवे स्टेशन पहुंच कर सभी विद्यार्थियों और प्राध्यापकों को अयोध्या के लिए रवाना किया। कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने बताया कि विश्वविद्यालय के सभी विभागों के विद्यार्थियों को समय-समय पर शैक्षणिक भ्रमण कराया जाता है। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों को ऐतिहासिक स्थलों, भौगोलिक और सामाजिक स्थितियों समेत कई जानकारियां प्राप्त होती है, जो विद्यार्थी जीवन के लिए महत्वपूर्ण है। बता दें कि अयोध्या का सबसे प्रसिद्ध स्थल राम जन्मभूमि है। यहां एक भव्य राममंदिर निमार्णाधीन है, जो आकर्षण का केंद्र भी है। वहीं हनुमान गढ़ी अयोध्या की सबसे पुरानी और प्रसिद्ध मंदिरों में एक है, जिसकी नक्काशी की बारीकियों से विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। शैक्षणिक भ्रमण पर गये विद्यार्थियों ने बताया कि अयोध्या भ्रमण से इतिहास के साथ-साथ अत्यंत महत्वपूर्ण धार्मिक जानकारियां भी प्राप्त हुई। साथ ही ऐतिहासिक स्थलों की जानकारी भी मिली, जो हमलोगों के इस शैक्षणिक भ्रमण को सफल बनाता है। उन्होंने बताया कि माता सीता को समर्पित कनक भवन मंदिर की वास्तुकला और सुंदरता अद्वितीय है। वहीं भगवान राम के पिता राजा दशरथ के निवास स्थान पर बने दशरथ महल में प्राचीन समय की वस्तुओं और शिल्पकला भी देखने का अवसर मिला। भगवान राम के जल समाधि स्थल गुप्तार घाट, रामचरित मानस के रचनाकार और महान संत कवि तुलसीदास के स्मृति में बनाये गये तुलसी स्मारक भवन, मणि पर्वत, नागेश्वर नाथ मंदिर समेत अन्य स्थलों के भ्रमण से उत्साहित विद्यार्थियों ने कहा कि यह शैक्षणिक भ्रमण ना सिर्फ यादगार बनकर रह जायेगा बल्कि आदर्श जीवन के लिए भी महत्वपूर्ण साबित होगा। इस पूरे शैक्षणिक भ्रमण समन्वयिका के रूप में डॉ रोजीकांत थीं। साथ ही विद्यार्थियों का सामुहिक मार्गदर्शन मानविकी संकाय के प्राध्यापक डॉ ओमप्रकाश दास, संजय कुमार दांगी और सबा प्रवीण ने किया। शैक्षणिक भ्रमण पर जाने वाले विद्यार्थियों में गुलशन कुमार, कुंदन कुमार, राजु राणा, ज्योति राणा, अर्चना सिन्हा, सन्नी कुमार, पूजा कुमारी, स्वर्णलता कुमारी, पुष्पलता कुमारी, सागर कुमार, पार्वती कुमारी, अंजलि दास, अभिषेक कुमार, राजन कुमार, रवि भूषण कुमार, नीतू कुमारी, संध्या कुमारी, काजल कुमारी सहित अन्य के नाम शामिल हैं।

## विधायक ने विद्यार्थियों को दी साइकिल



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना उन्नति का पहिया उम्मीदों का पहिया योजना के तहत के तहत विधायक अंबा प्रसाद ने बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय सांढ़ और चंदौल पंचायत के उत्कर्मित मध्य विद्यालय महुगाई खुर्द में बतौर मुख्य अतिथि विद्यार्थियों के बीच साईकिल का वितरण किया। साईकिल प्राप्त करके छात्र-छात्राओं में काफी खुशी देखी जा रही थी विधायक अंबा प्रसाद ने इस अवसर पर कहा कि झारखंड सरकार द्वारा नि: शुल्क साइकिल वितरण किया जा रहा है ताकि छात्र-छात्राओं के लिए दूरी कभी भी पढ़ाई में बाधा नहीं बने। इस मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र मंडल, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जवाहर प्रसाद, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी पंकज कुमार गुप्ता, सहायक शिक्षक अरशद जमाल, अशोक कुमार, पंचायत समिति सदस्य सुरेश चौधरी, युवा प्रखंड अध्यक्ष आनंद कुमार, वार्ड पार्षद सुमित्रा देवी, रामदेव प्रजापति, पारसनाथ प्रजापति, धर्मेंद्र आदि मौजूद थे।

## दिव्यांग बच्चों के लिए शिविर का आयोजन

**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड स्तरीय दिव्यांक बच्चों का जांच और आवश्यक उपकरण वितरण का शिविर प्रखंड संसाधन केंद्र टाटीझरिया में आज लगाया जा रहा है जिसमें झारखंड शिक्षा परियोजना हजारीबाग के निर्देशानुसार 03 वर्ष से 18 वर्ष के बच्चों को का जांच शिविर का कैंप लगाया जा रहा है जिसमें दिव्यांता प्रमाण पत्र की छाया कॉपी, आधार कार्ड, दो पासवर्ड फोटो, आय प्रमाण पत्र अथवा, दिव्यांग प्रमाण पत्र जो दिव्यांगता को दर्शाता है ऐसे दस्तावेज को अपने साथ ले जाना है यदि की के पास आया प्रमाण पत्र नहीं है तो उस स्थिति में ग्राम पंचायत मुखिया, या जिला शिक्षा अधीक्षक से सत्यापित करवा के लेकर जाने से आय प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं होगी।

## द आइ स्कूल में ग्रीन डे और सावन महोत्सव मना



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिला मुख्यालय के सहाना रोड स्थित द आइ स्कूल में बुधवार को ग्रीन डे और सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों को पर्यावरण की महत्ता बताते हुए वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया गया। निदेशक मधु कुमारी ने बच्चों को बताया कि अपने घर परिसर में पौधरोपण करने के साथ ही 5 साल तक उन्हें सुरक्षित बड़े होने देना है। उन्होंने अभिभावकों से उनके विवाह के वर्षगांठ या बच्चों के जन्मदिन पर पौधे लगाने की अपील की। कार्यक्रम में बतौर अतिथि बच्चों की मातायें, विद्यालय की शिक्षिकाएं और कर्मी शामिल हुए। वहीं स्कूल सभागार में सावन मास के प्राकृतिक और आध्यात्मिक सौंदर्य को समर्पित कार्यक्रम सावन महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें प्ले ग्रुप से केजी2 के बच्चों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। महोत्सव में पारंपरिक गीतों और नृत्य ने सबको मोहित करते हुए लोक-जीवन से जोड़ने का कार्य किया है। कार्यक्रम का संचालन एडमिन श्रुति राय, ज्योति और स्वाति ने किया। अपने सुमधुर गायन की प्रस्तुति से भगवान शिव के भक्तिपूर्ण भजनों, कांवरिया गीत, कजरी और अन्य बरसाती लोकगीतों के द्वारा भावविभोर होकर झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों प्रिशा, रियांश, आद्विक, श्रेयान, मिहिर, युवान, आभ्या, तृषा, काशवी, रूद्र, दिव्यांश, अपूर्वी, सूर्यांश, परी, अदिति, आकांक्षा, सारांश, रिशित, वाणी, वैभव, अभिनव के अलावा उनकी माताओं में पूजा, रिया, पूनम, स्नेहा, प्रियंका, संगीता, अर्पणा, प्रियंका, पूजा, तनुजा, सोनी, अदिति, प्रिया, निकिता, मुस्कान, विनीता, सोनी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## फाइलेरिया रोग के इलाज का झांसा देकर लाखों के जेवर ले उड़े चोर

**सतगावां (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के मरचोई में बुधवार को फायलेरिया रोग को इलाज करने को लेकर झांसा देकर लाखों लाख रुपये की जेवर चोर दिनदहाड़े ले उड़ा। बताया जाता है कि मरचोई निवासी पंकज कुमार सिंह पिता कृष्णकांत सिंह पिछले 20 सालों से फाइलेरिया रोग से पीड़ित है। वह कई बड़े अस्पताल में इलाज कराकर थक चुके हैं। इसी बीच उन्हें कुछ अज्ञात व्यक्ति मिला और कहा कि इस फाइलेरिया रोग से आपको ठीक कर दिया जायेगा। उन्होंने अज्ञात तीनों व्यक्ति को अपने घर लाया चाय पिलाया पानी पिलाया। आराम से बहला-फुसलाकर अज्ञात व्यक्ति ने कहा कि घर में जितने जेवर हैं सभी जेवर निकालिए इसके पैर व चौकी पर बांधा जायेगा। जितना अधिक जेवर होगा उतना जल्दी इनका फलेरिया ठीक होगा। घरवाले को झांसा देकर बोला कि आप तीन बार स्नान करो उसके बाद उधर देखना मेरे तरफ मत देखना इतने में उन लोग वहां से निकल पड़े कुछ देर बाद घर वालों ने देखा कि जेवर एक भी नहीं है सिर्फ कपड़ा है। हल्ला गुल्ला करने के बाद यह मामला सामने आया। झांसा देकर भागने वाले दो मोटरसाइकिल पर तीन लोग थे। इसकी लिखित सूचना थाना में देने की बात कही। जेवर दिनदहाड़े झांसा देकर ले भागने वाले को पकड़ने के लिए अकबरपुर, रोह और कौवाकोल थाना को सूचना दी गयी है। फिलहाल चोर का कोई अता पता नहीं चल पाया।

## डीडीसी ने जयनगर में की योजनओं की समीक्षा



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सभागार में उप विकास आयुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम अंतर्गत संपूर्णता अभियान को केंद्रित करते हुए निर्धारित छह सूचकांकों की समीक्षा की गयी जिसमें प्रमुखता से स्वास्थ्य विभाग, बाल विकास परियोजना, कृषि विभाग, जेएसएलपीएस के मासिक प्रगति की समीक्षा की गयी। वहीं उप विकास आयुक्त ऋतुराज के द्वारा स्वास्थ्य विभाग के दो प्रमुख सूचकांक मधुमेह और उच्च रक्तचाप की शत प्रतिशत स्क्रीनिंग कर पोर्टल पर अपडेट सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ हीं गर्भवती महिलाओं के प्रथम तिमाही के अंदर निबंधन किये जाने पर जोर दिया गया। पेयजल और स्वच्छता विभाग अंतर्गत हर घर जल नल योजना के तहत घरों तक पेयजल पहुंचाने के कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार, डीडीएम पवन कुमार, आकांक्षी प्रखंड फेलो अशोक कुमार, एमओआइसी डॉ सुरेश राम, भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ टिनी एक्का, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ शोएब खान, प्रखंड कृषि पदाधिकारी अनिल कुमार यादव, हिरोडीह मुखिया संगीता कुमारी, जनसेवक दिलीप कुमार यादव, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, शिक्षा विभाग राधा सिंह, प्रखंड समन्वयक पंचायती राज, विवेक कुमार, आवास समन्वयक, रवि कुमार, बाल विकास परियोजना सहायक संतोष कुमार, महिला पर्यवेक्षिका शीतल पिंगुआ, स्वास्थ्य विभाग बीपीएम शैलेन्द्र तिवारी, जेएसएलपीएस बीपीएम नितेश कुमार, सभी उप स्वास्थ्य केंद्र के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी सहित अन्य विभाग के पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित रहे।

## तिरंगा कार्यक्रम को लेकर बैठक



**कुजू (आजाद सिपाही)।** हर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम को लेकर भाजपा जिला कार्यालय हथमारा में जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश टोली के सदस्य बबन गुप्ता, जिला प्रभारी शशिभूषण भगत, रंजीत सिन्हा शामिल रहे। बैठक के दौरान प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रदेश टोली के सदस्य बब्बन गुप्ता ने आगामी कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कहा गया कि 9 से 10 तक मण्डल बैठक, 11 से 13 तक विधान सभा स्तरीय हर घर तिरंगा यात्रा, युद्ध स्मारक और स्वतंत्रता के नायक के मूर्ति के आसपास स्वच्छता अभियान के तहत साफ सफाई किया जायेगा। वहीं, 14 अगस्त 1947 को भारत विभाजन विभीषिका के दिन मौन जुलूस को लेकर दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि 14 अगस्त भारत के इतिहास का काला दिन है देश के विभाजन की विभीषिका पीड़ा देने वाला है। इस विभाजन में लाखो लोगों की हत्या कर दी गयी। मौके पर जिला प्रभारी शशि भूषण भगत ने हर घर तिरंगा अभियान के साथ-साथ आगामी 9 अगस्त से 15 अगस्त तक के कार्यक्रम की जानकारी दी गयी। मौके पर डॉ संजय कुमार सिंह, चंद्रशेखर चौधरी, राजेंद्र कुशवाहा, राजू चतुवेर्दी, बलराम महतो, आनंद बेदिया, सरिता ठाकुर, स्नेह लता चौधरी, अखिलेश प्रसाद, खिरोधर साहू, रंजन फौजी, रमेश वर्मा, संजीव कुमार बावला, दिलीप सिंह, किरण देवी, बसूध तिवारी, दीनदयाल कुमार, योगेश दांगी, राजीव पामदत्, संतोष कुमार शर्मा, प्रवीण कुमार सोनू, कुश श्रीवास्तव, कुमेल उरांव, योगेश दांगी, शंभू ठाकुर, नगर परिषद मंडल अध्यक्ष मनोज गिरि, सूर्यवंश श्रीवास्तव, बबलु साव, अशोक कुमार, सागर दांगी, राजेश कुमार, तोकेश सिंह, सतीश मोहन मिश्रा, किशोर महतो शामिल रहे।

## डीएवी रजरप्पा की लाइब्रेरी में अन्य बच्चे भी नि:शुल्क में कर सकेंगे पढ़ाई




**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** सीसीएल रजरप्पा स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में अन्य बच्चे भी फ्री में पढ़ाई कर सकेंगे। इसी परिप्रेक्ष्य में आज 7 अगस्त बुधवार को स्थानीय क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाया गया। झारखंड प्रक्षेत्र के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी सह डीएवी रजरप्पा के प्राचार्य डॉ एस के शर्मा के द्वारा प्रेरणा ग्रहण कर लाइब्रेरी शिक्षक जगन्नाथ प्रसाद की मार्गदर्शन में 12वीं कला संकाय के छात्रों ने जागरूकता अभियान चलाया। जागरूकता अभियान का एकमात्र उद्देश्य था। वैसे बच्चे जो डीएवी विद्यालय के अतिरिक्त अन्य विद्यालयों में शिक्षा ग्रहण तो करते हैं पर सुविधा के अभाववश पढ़ाई अधूरी रह जाती है। वैसे बच्चों को डीएवी रजरप्पा के पुस्तकालय कक्ष में सुविधा प्रदान की जायेगी। डीएवी विद्यालय के प्राचार्य श्री शर्मा ने कहा कि यह विद्यालय की अनूठी पहल है जिससे स्थानीय क्षेत्र के विद्यार्थियों को एक सकारात्मक वातावरण और पढ़ने के लिए एक मंच मिलेगा। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि संध्याकालीन समय में जो बच्चे इधर-उधर भ्रमण करते हुए दिख जाते हैं या वे अपना समय ज्यादा मोबाइल में व्यतीत कर देते हैं, ऐसे बच्चे दिग्भ्रमित होने से बचेंगे। उन्होंने स्थानीय क्षेत्र के अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को इस सुविधा का लाभ उठाने का अवसर देंगे जो यह नि:शुल्क है।

## वेंडिंग जोन में बंद शौचालय को खोलने की मांग की नीरज मंडल ने



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** खुदरा सब्जी विक्रेता संघ वेंडिंग जोन रामगढ़ के प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष नीरज मंडल के नेतृत्व में छावनी परिषद के सीइओ अनंत अकाश से मिला। प्रतिनिधिमंडल में शामिल सदस्यों ने मांग किया है कि न्यू बस स्टैंड वेंडिंग जोन में खुदरा सब्जी विक्रेता तो अपनी दुकान लगा रहे है। किंतु अभी तक बंद शौचालय शुरू नहीं होने के कारण सब्जी बेचने ओर खरीदने वालों को शौच के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। फुटबॉल ग्राउंड जाने वाले गली वाली सड़क पर एक भी लाइट नहीं लगी हुई है। जो की शाम होते ही कोई भी महिला उस रास्ते से अंधेरे के भय से आना जाना नहीं करना चाहती हैं, कभी भी अंधेरे का फायदा आसामाजिक तत्वों के द्वारा कोई भी घटना को अनजाम दे सकते हैं। इसलिए जल्द से जल्द शौचालय के बगल से जो गाली वाले रास्ते हैं उसे पर लाइट लगायी जाये और सब्जी मंडी में दो बड़े स्ट्रीट लाइट लगायी जाये और शौचालय को जल्द चालू कार्रवाई जाये। जिससे जनता को काफी लाभ मिलेगी। मौके पर सीइओ अनंत कुमार ने आश्वासन दिया है कि बहुत जल्द ही आपकी इन समस्याओं को समाधान हो जायेगी। जिससे खुदरा सजी विक्रेताओं को आराम जनता को कोई परेशानी ना हो इसकी हम पूरी ध्यान रखेंगे। जब तक बंद शौचालय शुरू नहीं होती तब तक चलंत शौचालय आप लोगों के बीच में छावनी परिषद के द्वारा व्यवस्था कर दी जायेगी। मौके पर खुदरा सब्जी विक्रेता संघ वेंडिंग जोन रामगढ़ के अध्यक्ष नीरज मंडल, कार्यकारी अध्यक्ष संजय बनारसी, सचिव संजय कुशवाहा, कोषाध्यक्ष राजा सोनकर मौजूद थे।

## चक्रवाली में स्कूल भवन का शिलान्यास



**गोला (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के प्लस राजकीयकृत प्लस टू स्कूल चक्रवाली में बुधवार को स्कूल भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। इसका विधिवत शिलान्यास स्थानीय विधायक सुनीता चौधरी ने शिलापट्ट से पर्दा उठा कर किया। उन्होंने कहा कि विकास कार्यो को प्राथमिकता देना मेरी पहली प्राथमिकता है। मेरे पति गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने विकास की लंबी रेखा खिंची है। उसे जारी रखने का काम कर रही हूं। आज ग्रामीण क्षेत्रो में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। इस विद्यालय में भवन नहीं रहने से छात्र छात्राओं को काफी परेशानी होती थी। इसे देखते हुए भवन निर्माण की स्वकृति दी गयी है। आगे विकास का कार्य निरंतर जारी रहेगा। बताया गया कि यह भवन एक 1.35लाख की लागत से भुवनेश्वर यादव कंस्ट्रक्शन के द्वारा बनाया जायेगा। इधर स्कूल भवन बनने की खुशी में स्कूली बच्चों ने विधायक को आभार प्रकट किया है। मौके पर प्रमुख गीता देवी, जिला कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश कुमार महतो, मुखिया नुरुल्लाह अंसारी, नित्यानंद महतो, समाजसेवी रणधीर कुमार बसरिया, सफीक अंसारी, फरीद अंसारी, दाऊद आलम आदि थे।

### रामगढ़ डीसी ने राजस्व निबंधन, भूमि सुधार विभाग के आदेश पर की कार्रवाई

# वैष्णवी और ग्लोब प्लांट समेत 25 लोगों की 58.79 एकड़ जमीन पर सरकार का होगा कब्जा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** रउता वन क्षेत्र में स्थापित ग्लोब स्टील और वैष्णवी फेरो टेक समेत 25 लोगों की जमीन पर सरकार अपना दखल कब्जा करेगी। रामगढ़ डीसी चंदन कुमार ने इस मामले में आदेश जारी कर दिया है। सबसे पहले 58.79 एकड़ जमीन जो गलत तरीके से जमाबंदी की गयी थी, उसे सरकार के दखल कब्जे में लाने का आदेश दे दिया गया है। अंचल अधिकारी इस मामले में जल्द ही पहल शुरू करेंगे। डीसी चंदन कुमार ने मांडू, रामगढ़, पतरातु और गोला के अंचल अधिकारियों को आदेश जारी कर दिया है।

**गलत दस्तावेज के आधार पर रउता में बनाये गये दर्जनों फैक्ट्रीः** मांडू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत रउता वन क्षेत्र में उन्हें गलत दस्तावेजों के



आधार पर दर्जनों फैक्ट्री का निर्माण भी कर दिया गया था। सबसे पहले ग्लोब स्टील फैक्ट्री और वैष्णवी फेरो टेक प्लांट की जमाबंदी रद्द की गयी है। इसलिए सबसे पहले उनकी जमीन पर सरकार अपना दखल कब्जा करेगी। इसके बाद रउता वन क्षेत्र में 13 अन्य प्लांट जिनकी जमाबंदी भी 5 महीने पहले ही रद्द हो चुकी है, उनके दस्तावेजों पर शीघ्र ही आदेश आने की संभावना है।

**सचिव के निर्देश पर शुरू हुई कार्रवाई**

**राजस्व निबंधन और भूमि सुधार विभाग के उप सचिव भागीरथ प्रसाद के द्वारा जारी किये गये आदेश के आधार पर रामगढ़ जिला प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है। विदित हो कि रामगढ़ जिले के विभिन्न प्रखंडों में कर्मचारियों, पदाधिकारियों की मिली भगत से भूमाफियाओं के द्वारा सरकारी जमीन और वन क्षेत्र की जमीन की गलत तरीके से जमाबंदी कायम कर ली गयी थी। उस जमाबंदी के आधार पर सैकड़ों दस्तावेज भी तैयार कर लिए गये थे।**

**4-एच के तहत हुई थी सुनवाई :** विदित हो कि गैरमंजरूआ खास किस्म जंगल भूमि पर अवैध संदेश रूप से कायम जमाबंदी को लेकर बीएलआर एक्ट 1950 की धारा 4- एच के तहत उपायुक्त के द्वारा सुनवाई की गयी थी। इस सुनवाई के दौरान जमीन मालिकों ने सारे अभिलेख प्रस्तुत किये। जांच के दौरान जमीन से जुड़े हुए सारे दस्तावेज फर्जी पाये गये। जिसके आधार पर डीसी चंदन कुमार ने उनकी जमाबंदी रद्द करने के आदेश जारी किया। उस आदेश की संपुष्टि हेतु प्रस्ताव हजारीबाग कमिश्नर को भेजा था। उस प्रस्ताव पर कमिश्नर ने संपुष्टी प्रदान की और पूरे अभिलेख को राजस्व निबंधन और भूमि सुधार विभाग भेज दिया। उस आधार पर सरकार ने 25 लोगों की जमाबंदी रद्द कर उस जमीन पर तत्काल दखल कब्जा करने का आदेश दिया।

# ए ला एंग्लाइज विद्यालय में संगीत और नृत्य प्रतियोगिता

**विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए तत्पर हैः विजयंत कुमार**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुरकुंडा।** भुरकुंडा बिरसा चौक स्थित ए ला एंग्लाइज सीनियर सेकेंडरी विद्यालय के सांस्कृतिक विभाग के तत्वावधान में बुधवार को संगीत और नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य विजयंत कुमार ने बच्चों को आशीर्वचन देकर कराया। प्रतियोगिता में कक्षा 1 से 9 तक के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। ओपन कैटेगरी के लिए आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने पश्चिमी, पौराणिक, शास्त्रीय, समकालीन और लोक नृत्य शैलियों का प्रदर्शन किया। जीवंत नर्तकों ने अपनी जोशीली प्रस्तुतियों से विद्यार्थियों ने उपस्थित विद्यालय परिवार का मन मोह लिया। वहीं नन्हे-मुन्नों की




रंग-बिरंगी वेशभूषा ने प्रदर्शन देखने के आनंद को और बढ़ा दिया। जजों ने भाव-भंगिमाओं, मंच कवरेज, कोरियोग्राफी पर ध्यान दिया और नर्तकों के प्रयास की सराहना की। सभी प्रतिभागियों ने वेशभूषा, कोरियोग्राफी, अभिव्यक्ति और विभिन्न प्रॉप्स के लिए कड़ी मेहनत की। जिससे सभी नृत्य प्रदर्शन सराहनीय रहे। जज सिद्धार्थ कुमार मासूम, केजी की प्राचार्या अंजू पटेल, अंजली सिन्हा, शबाना खातून और प्रिया सिंह बच्चों के प्रदर्शनों से अचंभित दिखें। मौके पर प्रचार्य विजयंत कुमार ने प्रदर्शन और प्रभारी शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को हर क्षेत्र में अव्वल बनाने के प्रति विद्यालय प्रबंधन कटिबद्ध है। इधर ओपी जिंदल के फाउंडेशन डे के अवसर पर ओपी जिंदल स्कूल में आयोजित अंतर विद्यालय प्रतियोगिता में ए ला एंग्लाइज विद्यालय के कक्षा 8 के निशांत कुमार और कक्षा 7 की नव्या मिश्रा ने चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान और तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कहानी लेखन में कक्षा नवम की छात्रा अनुष्का सोनी ने तृतीय स्थान पाया। जबकि कक्षा 1 से 5 के समूह की चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा 4 की छात्रा रिया कुमारी तृतीय स्थान पर रही। बच्चों के उत्साह वर्धन और मार्गदर्शन के लिए गये शिक्षक सुनील कुमार साहू और सीमा मुंडा ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी। विद्यालय के अन्य बच्चों ने तृतीय भाला दिवस के शुभ अवसर पर झारखंड एथलीट एसोसिएशन द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय भाला फेक प्रतियोगिता का हिस्सा बने। इसमें कक्षा 10 की छात्रा आस्था सिंह ने 28.72 मी. की दूरी तक भाला फेंक कर तृतीय स्थान पाया। वहीं कक्षा 11वीं के छात्र सूरज कुमार ने 36.92 मी. दूरी तक भाला फेंक कर द्वितीय स्थान पाया। बच्चों के प्रशिक्षक सह कोच सह खेल शिक्षक कंचन सोनी और कंचन दास ने उनकी जीत पर हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी।

# तालाब में डूबने से मजदूर की हुई मौत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** शहर के जारा टोला स्थित तालाब में डूबने से एक मजदूर की मौत हो गयी। मजदूर की पहचान पलामू जिले के अलखडीह निवासी 28 वर्षीय शिवकुमार पिता सुकून भुइया के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही रामगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार शिवकुमार कुछ दिन पहले ही जारा टोला में एक भवन निर्माण के कार्य में मजदूरी करने के लिए पलामू से आया था। यहां ठेकेदार साजन कुमार के द्वारा उसे काम पर



लगाया गया था। वह जारा टोला में तालाब में बुधवार की सुबह नहाने गया था और इसी दौरान वह काफी आगे घुस गया जिसकी वजह से वह डूब गये। उसके साथियों ने जब उसकी तलाश शुरू की तो उसके कपड़े तालाब के किनारे मिले। बाद में तैराकों की सहायता से मृतक की लाश तालाब से बाहर निकाली गयी।

# शहीद सैनिक सिमरनजीत सिंह की मनी पुण्य तिथि




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हंटरगंज / चतरा।** प्रखंड के केदली गांव में शहीद सिमरनजीत सिंह की शहादत दिवस मनाया गया। जांबाज सैनिक सिमरनजीत सिंह 7 अगस्त 2021को शहीद हो गये थे। वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन के प्रखंड अध्यक्ष ओमप्रकाश उपाध्याय द्वारा उनके माता पिता को फूल माला पहनाकर और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया तथा श्रद्धांजलि दी गयी। इस मौके पर शहीद सिमरनजीत सिंह अमर रहे, भारत माता की जय के नारे के साथ समापन किया गया। माता मंजू कौर, सरदार उपेंद्र सिंह, सरदार पीयूष सिंह, सत्येंद्र सिंह, जागृति कौर, माधुरी कौर तथा सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### रामगढ़ में ओबीसी आयोग के अध्यक्ष से मिले अधिवक्ता

# हक नहीं मिला तो हाइकोर्ट में याचिका दायर करेंगेः द्वारिका

**सात वर्ष होने पर नोटरी का आवेदन दे सकते है**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** राज्य आयोग के अध्यक्ष योगेन्द्र प्रसाद महतो से आरक्षण की मांग को लेकर अधिवक्ता द्वारिका प्रसाद महतो मिले। उन्होंने बताया कि विधि विभाग झारखंड सरकार द्वारा राज्य के सभी व्यवहार न्यायालयों में लेख प्रमाणकों/नोटरी की नियुक्ति में ओबीसी वर्गों को आरक्षण नहीं दिया गया है। जिसे लेकर गुरुवार को सिविल कोर्ट रामगढ़ के अधिवक्ता द्वारिका प्रसाद ने राज्य आयोग के अध्यक्ष योगेन्द्र प्रसाद महतो को लिखित शिकायत दिये हैं। उन्होंने बताया है कि विधि विभाग झारखंड सरकार ने विज्ञप्ति संख्या 01/2024 के माध्यम से



राज्य के सभी व्यवहार न्यायालयों में नोटरी के स्वीकृत पदो के विरुद्ध रिक्त पदों पर विहित प्रपत्र के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किये थे। विज्ञापन के कंडीका 3 में नोटरी के अर्हता से संबंधित प्रावधान दिये गये है। उक्त प्रावधान में ओबीसी श्रेणी को आरक्षण नहीं दिया गया है और विज्ञप्ति के कंडीका 8 में लिखा है कि नोटरी अधिनियम, नोटरी नियमावली के अंतर्गत प्रावधान भारत सरकार और राज्य सरकार द्वारा जारी निर्देश यथावत लागू रहेंगे।

**7 वर्ष होने पर नोटरी का आवेदन दे सकते हैः** उन्होंने बताया कि नोटरी नियमावली 1956 की नियम में कहा गया है कि एससी, एसटी, ओबीसी का अनुभव अगर 7 वर्ष हो चुका है तो नोटरी का आवेदन दे सकते है। विधि विभाग झारखंड सरकार की विज्ञप्ति संख्या 01/24 की कंडीका 3, 8 व नोटरी नियमावली 1956 की नियम (3) (एए) को देखने से काफी भिन्नता नजर आ रही है। जो विधि विरुद्ध है। उक्त विज्ञापन में ओबीसी श्रेणी के अभ्यर्थी आवेदन करने से वंचित हो गये हैं जिससे ओबीसी अभियार्थीयों में काफी रोष है। अधिवक्ता द्वारिका प्रसाद ने राज्य ओबीसी आयोग से मांग कि है कि विधि विभाग के विज्ञापन में ओबीसी को आरक्षण दें या इस विज्ञापन को रद्द कर पुनः विज्ञापन प्रकाशित करें। अन्यथा झारखंड उच्च न्यायालय में रीट फाइल किया जायेगा।

## एसपी ने की पुलिस पदाधिकारी के साथ बैठक



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ एसपी अजय कुमार बुधवार को पतरातू पहुंचे इस दौरान उन्होंने एसडीपीओ कार्यालय में पतरातू अनुमंडल क्षेत्र के पुलिस पदाधिकारी के साथ बैठक की। बैठक में दो वर्षों से चल रहे लंबित कांडों, फरारी चल रहे अपराधी, वारंटीयों पर क्या कार्रवाई चल रही है इसकी समीक्षा की गयी। एसपी ने पत्रकारों को बताया कि सक्रिय आपराधिक गिरोह से तालुक रखने वाले अपराधी की सूची पतरात पुलिस अनुमंडल क्षेत्र के पुलिस पदाधिकारी को सौंपी गयी है। अपराध जगत से ताल्लुक रखते हैं। वैसे अपराधी को प्रतिदिन थाना में हाजिरी लगाने और जिला बदर करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कई सरकारी योजनाएं चल रहे हैं कई माइंस है वैसे जगह में आपराधिक गिरोह सक्रिय है। उन पर लगाम कसने का निर्देश दिया गया है। एसपी ने जिले के सभी पुलिस पदाधिकारी को आम जनता के साथ मधुर संबंध स्थापित कर उनके समस्या का निदान करने और जमीन संबंधित मामले पर कहा कि पुलिस पदाधिकारी अंचल पदाधिकारी से संपर्क कर जमीन संबंधित मामले में सहयोग लेकर समस्या हल करने का निर्देश दिया। इस मौके पर पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र कुमार राम, पतरातू इंस्पेक्टर योगेंद्र सिंह, पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता, बासल थाना प्रभारी कैलाश कुमार, भरकुंडा ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार, भदानी नगर ओपी प्रभारी संजय कुमार रजक, बरकाकाना ओपी प्रभारी अख्तर अली मौजूद थे।

## जेएसपी पतरातू में ओपी जिंदल बाऊजी की 94वीं जयंती मनी, केक कटा और बंटी मिठाई



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** जेएसपी पतरातू में महान व्यक्तित्व और प्रेरणा स्रोत ओपी जिंदल बाऊजी का 94वें जन्मदिन के अवसर पर बुधवार को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना कर बाऊजी को पुष्पांजलि अर्पित किया गया। साथ ही सुंदर पाठ का आयोजन किया गया। तत्पश्चात जिंदल आशा में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के साथ प्लांट प्रमुख आशीष जैन एचआर प्रमुख अजय झा और प्लांट के सभी विभाग प्रमुख ने मिलकर केक काटा। साथ ही बच्चों के बीच उपहार का वितरण किया गया। ओपी जिंदल के जयंती पर विरहोर समुदाय के बीच में वस्त्र का वितरण कर उन्हें भोजन कराया गया। मौके पर प्लांट प्रमुख आशीष जैन ने कहा कि बाऊजी एक महान दूर द्दष्टा थे। मातृभूमि के प्रति प्रेम से प्रेरित होकर उन्होंने भारत को आत्मनिर्भरता की राह दिखाई। उन्होंने अपनी मेहनत और प्रतिबद्धता से ओपी जिंदल ग्रुप जैसा विशाल औद्योगिक समूह की स्थापना की जो आज राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि पूरी मानवता को भी एक नई दिशा दिखाने वाले जननायक बाऊजी थें। एचआर प्रमुख अजय झा ने कहा की ओपी जिंदल बाऊजी महान व्यक्तित्व एवं प्रेरणा स्रोत थे। दुनिया ने जहां दीवार देखी बाऊजी ने वहां दरवाजे देखें। बाऊजी आजीवन दलित-पिछड़ों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के हितों के लिए संघर्ष किये। बाऊजी की दूरदर्शिता का अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि आज से 50 साल पहले ही उन्होंने आत्मनिर्भर भारत का सपना देखा और देश का भाग्य बदलने में अग्रणी भूमिका निभाई। इस अवसर पर ओपी जिंदल स्कूल परिसर में ओपी जिंदल की जयंती के अवसर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस दौरान बच्चों को उनके आदर्शों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। पूरा प्लांट परिसर में जिंदल परिवार पतरातु ने बाऊजी के 94वीं जयंती पर शत-शत नमन किया।

## जगेश्वर प्रजापति ने भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश महामंत्री इश्वरचंद प्रजापति को दी बधाई

**कुजू (आजाद सिपाही)।** भाजपा ओबीसी प्रदेश कार्य समिति सदस्य जगेश्वर प्रजापति ने भाजपा प्रदेश ओबीसी मोर्चा के विस्तार करने पर प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव सहित बोकारो निवासी झारखंड कुम्हार प्रजापति महासंघ के महामंत्री ईश्वरचंद्र प्रजापति को ओबीसी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री बनाये जाने पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के निर्देश पर ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव ने मोर्चा का विस्तार कर प्रदेश में संगठन को मजबूती प्रदान की है। उन्होंने मोर्चा के सभी पदाधिकारी को बधाई दी है। साथ ही, सभी का आभार व्यक्त किया है। बधाई देने वालों में जगेश्वर प्रजापति सहित सुखदेव सोनी, जनक प्रसाद, दशरथ प्रसाद केसरी, प्रकाश केसरी आदि शामिल हैं।

## कुश श्रीवास्तव बने भाजयुमो के जिलाध्यक्ष



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के निर्देश पर भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष शाशक राज ने सीसीएल कॉलोनी निवासी नयानगर बरकाकाना कुश श्रीवास्तव को भाजयुमो रामगढ़ का जिलाध्यक्ष मनोनित किया है। मनोनयन के बाद कुश श्रीवास्तव ने कहा कि संगठन ने जिस विश्वास के साथ जिलाध्यक्ष का दायित्व दिया है, उसे बखूबी पूरी निष्ठा के साथ निभायेंगे। श्री श्रीवास्तव ने युवाओं को ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाजपा के नीति-सिद्धांतों, एनडीए सरकार के विकास कार्यों की जानकारी देने और संगठन से जोड़ने व मजबूत करने को अपनी पहली प्राथमिकता बताया। कुश श्रीवास्तव के मनोनित के उपरांत मित्रगण और परिजनों सहित नया नगर बरकाकाना के स्थानीय लोगों में हर्ष का माहौल है। मौके पर उपस्थित बसंत कुमार सिंह, अतिश कुमार, तरूण कुमार, चंद्रशेखर शर्मा, पंकज कुमार, विनोद सोनी, राजकमुार महतो, अजित गुप्ता, सौरव जयसवाल, अंशु पांडेय, सुमित अग्रवाल, रितेश दुबे,अमित बेदिया, विकास सिंह, मुन्ना महतो, नागेश्वर यादव, आकश सिंह, निशांत यादव, महेंद्र महतो सहित दर्जनों लोगों ने शुभकामनाएं संदेश दिया है।

## बरका सयाल इनमौसा कमेटी की बैठक

**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** सयाल के अंबेडकर भवन परिसर में बुधवार को इनमौसा एरिया कमेटी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता सुधीर कुमार सिंह व संचालन उरीमारी परियोजना के ओभरमैन गणेश राम ने किया। वहीं इस बैठक के पश्चात इनमोसा के सभी पदाधिकारीयों द्वारा विभिन्न समस्याओ पर चर्चा किया गया। जिनमें इनमौसा संगठन की ताकत को बरकरार रखने। सदस्यता शुल्क जमा करने और कुछ इनमौसा, बरका सयाल, क्षेत्र के कुछ शाखाओं के द्वारा विरोध स्वरूप अपनी आवाज को इनमौसा के उपर के पदाधिकारियों तक पहुंचाने के लिए रोक रखा है।


## शपथ पत्र

शपथ पत्र संदर्भ संख्या 486 दिनांक 06.08.2024 के अनुसार मैं, सितामुनी देवी (Sitamuni Devi), पति - पांडू माँझी, उम्र लगभग 62, वर्ष, धर्म - हिन्दु, जिला -हजारीबाग (झारखण्ड) शपथपूर्वक ब्यान करता हूँ कि - 1. यह कि मेरा सही एवं वास्तविक नाम सितामुनी देवी (Sitamuni Devi) है जो मेरे आधार कार्ड सं0 4688 4470 4878 में दर्ज है। 2. यह कि मेरे पेन कार्ड सं0 DZOPD9970C में मेरा नाम जितन देवी (JITAN DEVI) अंकित है। 3. यह कि सितामुनी देवी (Sitamuni Devi) और जितन देवी (JITAN DEVI एक ही महिला का नाम है जो मैं स्वयं हूँ। 4. यह कि यह शपथ पत्र मैं बैंक के सक्षम पदाधिकारी को देने हेतु बना रही हूँ।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 08 अगस्त, 2024
www.azadsipahi.in
08

# मंईयां सम्मान योजना में फॉर्म के नाम पर वसूली का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र के उकामाड पंचायत बरवाडीह पंचायत समेत अन्य पंचायतों में मंईयां सम्मान योजना में फार्म के नाम पर वसूली की जा रही है। जिसे लेकर बहनों में काफी आक्रोश देखने को मिल रहा। जिसे लेकर जिले के उपायुक्त गरिमा सिंह से इसमे शामिल लोगों पर कार्रवाई की मांग की है।

इधर भाजपा प्रखंड अध्यक्ष हर्ष वर्धन सिंह उर्फ नान्हू सिंह ने कहा कि विधानसभा चुनाव को देखते हुए जनता को बरगलाने के लिए सरकार ने मंईयां सम्मान योजना की शुरूआत की है। स्थिति यह है कि लोग फॉर्म नहीं भर पा रहे हैं। सर्वर डाउन है। आदिवासियों के सम्मान की बात करने वाली हेमंत सोरेन की सरकार को इस राज्य की जनता देख रही है। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के शुभारंभ के पहले दिन से ही फॉर्म के नाम पर वसूली का शुभारंभ कर दिया गया है। हेमंत सरकार की चरणबद्ध योजना के तहत अभी फॉर्म के नाम पर, फिर पंजीकरण के नाम पर, फिर सूची में नाम डालने के नाम पर और अंत में खाते में पैसे भेजने के नाम पर वसूली के सारे चरण पूरे किये जायेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि झारखंड में बिना पैसों के कोई भी काम नहीं होता है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि इसके तो हजारों उदाहरण पहले ही हिम्मतवाली सरकार ने पेश कर दिये हैं। लेकिन फिर से एक बार वसूली का उदाहरण एक नयी योजना के साथ पेश किया जा रहा है। इन सारी घटनाओं से यह तो स्पष्ट हो ही जाता है कि हेमंत सरकार में योजनाओं को लाने का उद्देश्य जनकल्याण नहीं, बल्कि वसूली करने और कराने का है।

# झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा के सदस्यों ने डीसी को सौंपा ज्ञापन



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** झारखंड आंदोलकारी मोर्चा जिला अध्यक्ष रामनन्दन साहु के नेतृत्व में प्रखंड क्षेत्र के झारखण्ड आंदोलनकारियों ने उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण को ज्ञापन देते हुए अबुआ आवास योजना, चिकित्सा सुविधा, प्रखंड मुख्यालय में आंदोलनकारी भवन निर्माण, कृषि कार्य के लिये सुविधा सहित विभिन्न मांगों के लिये प्रस्ताव रखा। वहीं झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा के जिला अध्यक्ष रामनन्दन साहु ने कहा कि अलग झारखंड राज्य गठन की लड़ाई में आंदोलनकारियों की सराहनीय भूमिका रही है। फलस्वरूप झारखंड राज्य का गठन हो सका। परंतु झारखंड आंदोलनकारियों का और उनके परिवार को सरकार तथा प्रशासन की ओर से मूलभूत सुविधाओं से उपेक्षित होना पड़ रहा है। उपायुक्त ने कहा कि विशेष कार्य पर सभी झारखंड आंदोलनकारियों को आमंत्रित सदस्य के रूप में आमंत्रित किया जायेगा। साथ ही कहा कि 15 अगस्त को छुटे हुए आंदोलनकारियों को सम्मानित किया जायेगा। ज्ञापन देने वालों में रामनन्दन साहु, कलिंदर उरांव, बुद्धदेव उरांव, इमरान अहमद, शाहिद अंसारी सहित अन्य झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा के सदस्य मौजूद थे।

## जमशेदपुर की खबरें

### सांसद ने की परिवहन मंत्री गडकरी से मुलाकात

# एनएच पर फूलडुंगरी में अंडरपास बनाने और स्ट्रीट लाइट की मरम्मत की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाटशिला।** जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो ने संसदीय क्षेत्र के विभिन्न सड़क, पुलिया अंडरपास और ओवर ब्रिज के समस्याओं को लेकर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी मुलाकात किया।

उन्होंने बहरागोड़ा के एनएच 33 कालियाडिंगा चौक में फॉरेस्ट गेस्ट हाउस से मटिहाना चौक तक दोनों सर्विस रोड 4-4 किलोमीटर तक पीसीसी कंक्रीट पथ का निर्माण बहरागोड़ा झरिया मोड में कलयाडिंगा चौक जो की त्रिवेणी संगम स्थल के नाम से जाना जाता है' इस सड़क को लेकर महतो ने 28 जून को केंद्रीय मंत्री से मिले थे और सड़क बनाने को मांग को रखा था इसी के निमित सड़क का टेंडर निकाल दिया गया है जल्द ही सड़क निर्माण हो जायेगा। घाटशिला के फूलडूंगरी में अंडरपास का निर्माण के लेकर मंत्री को कहा कि 2 साल से यह अंडरपास नहीं हो पा रहा है। केंद्रीय मंत्री ने पदाधिकारी को फटकार लगाते हुए कि का 15 दिन के अंदर फाइल कंप्लीट कर-के एक महीना के अंदर इसका टेंडर निकाला जाए। गडकरी ने सांसद को आश्वासन दिया कि एक महीने के अंदर इसका टेंडर निकाल दिया जायेगा। बहरागोड़ा के पीडब्ल्यूडी चौक क्रॉसिंग ओम होटल के पास अंडरपास का निर्माण नहीं होने के कारण स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पार करते समय जल्दबाजी के कारण कई लोगों की जान जा चुकी है। यह इस क्षेत्र का ज्वलंत मुद्दा है। इस स्थान पर प्रतिदिन हो रही सड़क दुर्घटना को रोकने हेतु अंडरपास के निर्माण करना अति आवश्यक है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने आश्वासन दिया कि इस सड़क का अंडरपास बहुत जल्द ही हो जायेगा। एनएच 6 एवं एनएच 33 पर स्ट्रीट लाइट कार्यरत नहीं है जिसके कारण इस मार्ग पर सड़क हादसे की संख्या काफी अधिक है। इस मार्ग पर स्थित लाइट को रिपेयर करने क की मांग सांसद ने की। केंद्रीय मंत्री ने नाराजगी व्यक्त करते हुए पदाधिकारी को निर्देश दिया कि जल्द से जल्द एनएच 6, एनएच 33 सड़क के स्ट्रीट लाइट का मरम्मत कराया जाए। धालभूमगढ़ ओवर ब्रिज के पास बाईपास रोड का निर्माण एवं एनएच 6 जगन्नाथपुर में अंडरपास का निर्माण को लेकर भी चर्चा की।

# संकुल स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु मंदिर ने लहराया परचम




**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** संकुल स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन आज शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में किया गया। इस प्रतियोगिता में सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर के सभी प्रतिभागी प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया है। विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, सचिव अजय प्रसाद, प्रधानाचार्य विपिन कुमार दास, प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडेय, आचार्य अशोक कुमार सिंह, रवि रंजन उपाध्याय एवं त्रिलोचन साहू ने सभी विजयी प्रतिभागियों को शुभकामना प्रदान किए। विज्ञान विषय में आराधना मेहता, शुयश सिन्हा एवं श्रेष्ठ खत्री को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। वैदिक गणित में विराट साहू, उमंग राज सिंघल, आयुष उरांव को प्रथम स्थान , अंग्रेजी में प्रिंस राज रजक, ऋषभ राज, स्नेहा कुमारी को प्रथम स्थान, संस्कृति बोध परियोजना में शिवानी सिंह, सिद्धि शर्मा, आयुषी सिंह को प्रथम स्थान, संस्कृत में राधिका कुमारी, दीक्षा कुमारी एवं दिव्या उरांव को प्रथम स्थान, संगणक में पलक कुमारी, पायल कुमारी एवं ऋतिक भगत को प्रथम स्थान व कथा कथन प्रतियोगिता में पलक कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवांवित किया है।

# मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर बैठक

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा मुख्य डाकघर परिसर में डाक निरीक्षक अभिनव तिग्गा के अगुवाई में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। इसमें लोहरदगा सबडिवीजन के अंतर्गत आने वाले सभी पोस्टमास्टर उपस्थित हुए। बैठक में श्री तिग्गा के द्वारा सभी पोस्टमास्टर को निर्देश दिया गया कि झारखंड सरकार की इस कल्याणकारी योजना को सफल बनाने के लिए सभी डाक कर्मचारियों द्वारा अगले कुछ दिनों के लिए एक विशेष मुहिम चलायी जायेगी। जिसमें राशन कार्ड धारी महिलाओं को मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत प्रतिमाह 1000 रुपये खाता में डाला जायेगा। इस योजना का लाभ लेने हेतु उनका डाकघर में खाता खोला जायेगा। इच्छुक महिलाएं अपने नजदीकीग डाकघर में खाता खोलवाने के लिए आधार कार्ड, पैन कार्ड, पासपोर्ट साइज का फोटो लेकर जाएं और खाता खोलवाकर इस योजना का लाभ उठायें। इस मौके पर लोहरदगा गुमला डिवीजन अध्यक्ष राधेश्याम प्रजापति समेत अन्य मौजूद थे।

# बांग्लादेश के हिंदुओं की रक्षा के लिए कदम उठाये सरकार : ओमप्रकाश सिंह



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश सिंह ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं तथा मंदिरों में हो रहे हमले पर चिंता प्रकट करते हुए भारत सरकार से अविलंब कडे निर्णय लेने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा है कि कट्टरपंथी, उन्मादि, उपद्रवीयों ने जिस तरह का तांडव वहां किया है, उसे वहां कुछ माह पहले ही लोकतांत्रिक ढंग से चुनी गयी सरकार को अपदस्थ कर प्रधानमंत्री शेख हसीना को पद त्याग कर पलायन करने को मजबूर होना पड़ा। भाजपा नेता ने कहा है की इस्लामिक देशों में जिस तरह लोकतंत्र को समाप्त किया जा रहा है और धार्मिक कट्टरता को प्रश्रय दिया जा रहा है, यह संपूर्ण विश्व के लिए खतरनाक स्थिति उत्पन्न कर रहा है। बांग्लादेश के निर्माता तथा देश के राष्ट्रपिता शेख मुजीबुर रहमान के प्रतिमा को ध्वस्त कर अपमानित किया गया। यह कट्टर पंथियों की ओछी मानसिकता का ही परिचायक है। बांग्लादेश के अल्पसंख्यक हिंदुओं की रक्षा के लिए भारत सरकार द्वारा शीघ्र ही आवश्यक कदम उठाने से ही वहां रह रहे हिंदू तथा उनके धार्मिक स्थलों को सुरक्षित रखा जा सकता है। उन्होंने कांग्रेस केंद्रीय नेता सलमान खुर्शीद के उस बयान की भी घोर निंदा की जिसमें उन्होंने कहा है कि भारत में भी बंगला देश जैसी स्थिति हो सकती है।

# आदिवासी दिवस समारोह की तैयारी पूरी

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** शहर के अजय उद्यान के निकट स्थित पुराना नगर भवन में 9 अगस्त को जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित विश्व आदिवासी दिवस समारोह की तैयारी लगभग पूरी कर ली गयी है। विश्व आदिवासी दिवस समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में सूबे के कैबिनेट मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव और पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू भागीदारी निभायेंगे। इस संदर्भ में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुखेर भगत ने बताया कि नगर भवन में विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम अभूतपूर्व और प्रेरणादायक होगा। इसको लेकर आयोजन समिति ने तैयारी पूरी कर ली है। कार्यक्रम की सफलता को लेकर कांग्रेस कमेटी के जुगल उरांव, विनोद सिंह खरवार, प्रभात भगत, शनियारों भगत, सुचित्रा भगत, संतोषी उरांव, अनिल उरांव, सुनीता उरांव, पुनीता उरांव, डोमना उरांव, आदि सक्रिय भागीदारी निभायेंगे।

# करंट की चपेट में आने से महिला की मौत

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के मन्हों गांव में धान रोपनी करने के दौरान करंट की चपेट में आने से अजय तिग्गा की 30 वर्षीय पत्नी रीता कुमारी की मौत मौके पर हो गयी। घटना की सूचना पर सदर थाना की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव पोस्टमार्टम कराया।

### नगर पंचायत ने चलाया जांच अभियान

# कई प्रतिष्ठानों पर लगा जुर्माना




आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार नगर प्रशासक राजीव रंजन के निर्देश पर नगर पंचायत अधिकारियों के द्वारा बुधवार को शहरी क्षेत्र अंतर्गत थाना चौक के आसपास के दुकानों का ट्रेड लाइसेंस का गहन चेकिंग अभियान चलाया गया।

इस जांच अभियान में लगभग 8000 की वसूली की गयी। उक्त चेकिंग अभियान में हाई फैशन, आईएस कंप्यूटर प्रेस, राजेश फल दुकान हिंदू वॉच, सोनू वस्त्रालय, इत्यादि जैसे प्रतिष्ठा का ट्रेड लाइसेंस चेक किया गया। उक्त अभियान में नगर प्रबंधक राज कुमार वर्मा, स्पैरो टीम लीडर आदित्य कुमार एवं टीसी बिरसा उरांव उपस्थित थे। जांच के दौरान नप प्रबंधक राज कुमार वर्मा ने कहा की यह अभियान प्रतिदिन जारी रहेगा। आगे उन्होंने कहा की सभी प्रतिष्ठानों के मालिकों से आग्रह है कि वे नगर पंचायत कार्यालय में आकर अपने ट्रेड लाइसेंस का नवीकरण या जिनका ट्रेड लाइसेंस नहीं है। वह नप कार्यालय आकर ट्रेड लाइसेंस बनवा लें। आगे जारी अभियान में ट्रेड लाइसेंस नहीं मिलने पर संबंधित दुकान को सील करते हुए जुर्माने की राशि को वसूल किया जायेगा।

# लिंगानुपात अन्य विस क्षेत्र की अपेक्षा बेहतर : अंजनी मिश्र



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रमंडलीय आयुक्त-सह-मतदाता सूची प्रेक्षक अंजनी मिश्र ने कहा कि 72-लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र में अन्य विधानसभा क्षेत्रों की अपेक्षा बेहतर लिंगानुपात है। यहां पुरुषों की तुलना में महिलाओं की संख्या अधिक है। यह अच्छी बात है। सभी जगह ऐसी स्थिति नहीं है। प्रमंडलीय आयुक्त-सह-मतदाता सूची प्रेक्षक आज परिसदन लोहरदगा में मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2024 की समीक्षा के उपरांत मीडिया को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पेशरार और लोहरदगा के नगर परिषद क्षेत्र में मतदाता सूची में और सुधार की संभावना है। हाउस टू हाउस सर्वे की समीक्षा की गयी है।

# खनन विभाग की कार्रवाई से कारोबारियों में हड़कंप, 40 हजार सीएफटी बालू जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**ईचागढ़।** सरायकेला खरसावां जिले के ईचागढ़ थाना क्षेत्र में अवैध बालू कारोबारी पर शिकंजा कसने के लिए खनन पदाधिकारी ने बाराती के भेश में छापेमारी शुरू कर दी। इससे पूर्व उन्होंने कारवाई करते हुए 24 हाईवा को जप्त कर मालिकों पर मामला दर्ज करने का निर्देश दिये। वही ईचागढ़ थाना अंतर्गत पूरानडीह व रुगड़ी में खनन विभाग के कारवाई से बालू माफियाओं में हड़कम मच गया। बुधवार को खनन विभाग ने गुप्त सूचना के आधार पर कारवाई करते हुए 40 हजार सीफटी अवैध बालू को जप्त कर लिया। बताया जा रहा है विभाग के द्वारा जप्त किये गये बालू की कीमत लगभग 30 लाख है। मिली जानकारी के अनुसार खनन विभाग को ईचागढ़ थाना क्षेत्र में अवैध बालू का कारोबार धड़ल्ले से चलने की सूचना मिली थी। खनन पदाधिकारी ज्योति शंकर सतपति के निर्देश पर टीम का ने छापेमारी करते हुए 40 हजार सीफटी अवैध बालू जप्त कर लिया। फिलहाल विभाग ने जिस स्थान पर बालू जप्त की गयी उस स्थान के मालिक की सहभागिता पर भी जांच कर रही है।

छापामारी दल में समीर कुमार ओझा सहित विभाग के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# बारिश से गिरा मजदूर का घर

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में पिछले दो दिन से लगातार हो रही बारिश से भंडरा पंचायत के वकील अंबवा गांव में मजदूर का कच्चा मकान ढह गया। हालांकि हादसे में परिवार बाल-बाल बच गया। पीड़ित ने प्रशासन से आर्थिक मदद की गुहार लगायी है। बीती रात से ही प्रखंड क्षेत्र में रुक रुक कर बारिश हो रही था। जिससे एक गरीब का आशियाना ढह गया। वकील अंबवा गांव निवासी राजकुमार उरांव मजदूरी कर कच्चे मकान में रहकर अपने परिवार का पालन पोषण करता है। पिछले दिनों हुई तेज बारिश के चलते मिट्टी से बनी मकान की छत कमजोर हो गयी, जिस कारण उसमें दरार आ गयी थी। मंगलवार रात्रि में मकान की छत नीचे गिर गयी। पीड़ित ने प्रशासन से आर्थिक मदद की गुहार लगायी है। मुखिया इंदरदेव उरांव ने बताया कि पीड़ित राजकुमार उरांव के कच्चे मकान गिरने की सूचना अंचल कार्यालय को देकर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

# एक बार फिर धंसा कोयल नदी पर बने पुल का पिलर

आजाद सिपाही संवाददाता

**कुडू / लोहरदगा।** लगातार चार दिनों से हो रही बारिश के बाद कुडू प्रखंड के कोलसिमरी-नदीनगडा मार्ग पर कोयल नदी पर बने पुल का पिलर एक बार फिर से धंस गया है। इससे इधर से होकर गुजरने वाले लोहरदगा, कुडू, भंडरा प्रखंड के दो दर्जन से अधिक गांवो के राहगीरों के लिए खतरा मंडरा रहा है। ज्ञात हो कि क्षेत्र के ग्रामीणों के लंबे समय के मांग व आंदोलन के बाद लगभग मुख्यमंत्री सेतु योजना से लगभग दो करोड़ 71 लाख की स्टिमीट से 8 मार्च 2014 को उद्घाटित इस दस स्पेन के पुल का निर्माण मैहर कंस्ट्रक्शन डाल्टनगंज ने द्वारा संपन्न हुआ था। लेकिन दुर्भाग्यवश दो साल बाद ही चार दिन तक हुई बारिश के बाद जुलाई 2017 में इसका एक पिलर धंस गया था। जिसके बाद निरीक्षण में पहुंचे तत्कालीन उपायुक्त बिनोद कुमार ने दुर्घटना के संभावना की देखते हुए इस पुल पर चौपहिया वाहनों का परिचालन बंद करवा दिया था। 23 नवम्बर से इस पुल का मरम्मती कार्य शुरू हुआ है। नवंबर 2017 में ही दबे पिलर में जैक लगाकर पिलर उठा उसमे स्लेप लगाने का काम किया गया था। जिसका ग्रामीणों द्वारा पुरजोर विरोध किया गया था। ग्रामीणों का आरोप था कि दबे पिलर को जैक से उठाने में उसके अगल-बगल का पिलर और बीम भी क्रेक कर रहा है। ग्रामीणों ने उस वक़्त दबे पिलर को हटाकर नया पिलर देकर काम करने की मांग कर रहे थे। और अब एक बार फिर दूसरे पिलर के धंसने से इधर से होकर गुजरना लोगों के लिए जानलेवा साबित हो सकता है।

# दक्षिणी छोटानागपुर के प्रमंडलीय आयुक्त ने पोलिंग बूथों का किया भौतिक सत्यापन

आजाद सिपाही संवाददाता



**भंडरा।** झारखंड में विधानसभा चुनाव आगामी कुछ महीनों में होने वाले हैं। इसको लेकर सियासी दलों ने अपनी तैयारियों पर पूरा जोर लगा दिया है वही दूसरी ओर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियों में तेजी नजर आ रही है। इसको लेकर लगातार जिलों का जायजा लिया जा रहा है। झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर प्रशानिक तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसी मद्देनजर बुधवार को आयुक्त अंजनी कुमार मिश्रा व कल्याण विभाग के उप निदेशक गौतम भगत ने भंडरा प्रखंड के लोहरदगा व विशुनपुर विधानसभा क्षेत्र के कई मतदान केंद्रों का भौतिक निरीक्षण किया। इसके साथ ही मतदान के दौरान वहां बहाल की जाने वाली सुविधाओं का जायजा लिया। साथ ही कर्मियों से बैठक कर चुनाव की तैयारी का जायजा लिया। बता दें कि मतदान केंद्रों पर पीने के पानी की व्यवस्था और मतदाताओं के बैठने के लिए शेड का इंतजाम किया जायेगा। प्रखंड के आला अधिकारियों के साथ कमिश्नर अंजनी कुमार मिश्रा ने प्रखंड कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इसके साथ ही मौजूद पदाधिकारियों के साथ बातचीत की।

### सीएम से विधायक सरयू राय की अपील

# मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को आचार संहिता लगने के दिन तक बढ़ाया जाना चाहिए

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** झांरखंड में हेमंत सरकार के द्वारा 21 से 50 वर्ष तक की महिला व युवतियों को मुख्यमंत्री मईंया सम्मान योजना से जोड़ने का प्रयास जारी है। वही समय अवधि कम होने से फर्म भरने व जमा कराने में काफी दिक्कतों का सामना करनी पड़ रही है। सभी कार्यालय में महिलाओं की भीड़ देखने को मिल रही है। बुधवार को जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने ट्वीट में सीएम हेमंत सोरेन को टैग करते हुए मुख्यमंत्री मईंया सम्मान योजना को 31 अगस्त व आचार संहिता लागू होने के दिन तक बढ़ाने की अपील की। उन्होंने कहा इस योजना के लिए अपने स्तर पर भी आवेदन फॉर्म छपवाया गया है। जिन बहनों को चाहिए वे बारीडीह ऑफिस से ले सकती है। योजना का लाभ अधिक से अधिक बहनों तक पहुंचे इसके लिए फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त तक अथवा चुनाव आचार संहिता लगने के दिन तक बढ़ाया जाना चाहिए।

# विधायक मंगल कालिंदी ने पटमदा क्षेत्र का किया दौरा, ग्रामीणों की मांगों पर तत्काल निकाला समाधान



**पटमदा (आजाद सिपाही)।** पटमदा के गोबरघुसी पंचायत के विभिन्न गांवों में जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने दौरा किया। बुधवार को दौरा के दौरान विधायक ने टोला पांडूकोचा में ग्रामीणों के साथ सीधी वार्ता की। मौके पर विधायक ने ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए डेढ़ किमी सड़क निर्माण कार्य को जल्द प्रारंभ करने का भरोसा जताया। वहीं बिजली की समस्या पर विभागीय अधिकारियों से वार्ता कर जल्द सुधार का निर्देश दी। मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने हरि मंदिर निर्माण के लिए आर्थिक सहयोग किया। वही तिलाईतांड़ स्कूल में शिक्षकों की कमी के बारे में विभागीय अधिकारियों से वार्ता कर समाधान का निर्देश दी। वही विधायक मंगल कालिंदी ने गोबरघुसी पंचायत मंडप में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के क्रियान्वयन का निरीक्षण किया। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र में सेविका, सहायिका व बच्चों से मिलकर पोषाहार की जानकारी ली। विधायक ने कहा गोबरघुसी उत्क्रमित उच्च विद्यालय में भवन की कमी जल्द दूर की जायेगी। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि चन्द्रशेखर टुडू, झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, प्रखंड अध्यक्ष अश्विनी महतो, सुफल टुडू, कांग्रेस नेता विश्वामित्र दास सरोज सिंह, धनंजय सिंह, विशंबर सिंह, नटवर सिंह, गोविंद सिंह, कालीपद सिंह, विजय सिंह व भवतारण सिंह सहित सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे।

# बालू लदे पांच हाइवा का कटा फाइन, 24 घंटे बाद भी खनन पदाधिकारी को सूचना नहीं




**चांडिल (आजाद सिपाही)।** बीते दिनों ढेर रात एसडीओ शुभ्रा रानी के उपस्थिति में चौका थाना क्षेत्र के एनएच 33 से बालू लेकर जारही पांच हाइवा को जप्त की गयी थी। एसडीओ ने पांचों हाइवा को पकड़कर चौका थाना को सौंप दी थी। वही चौका थाना प्रभारी के अनुसार पांचों हाइवा में बालू का चालान है, लेकिन हाइवा में कितना बालू लोड है और चालान कितने का है, बालू कहां से लोड कर लाये जा रही है, चालान वैध है या नहीं, इसकी जांच की जानी है। जांच के लिए मंगलवार को जिला परिवहन विभाग के कर्मी चौका थाना पहुंचे थे। वहीं जिला खनन पदाधिकारी ने कहा चौका थाना क्षेत्र में बालू लदा पांच हाइवा पकड़े जाने की कोई सूचना नहीं है।

